राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी मिले

पटना, 14 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने आज राजभवन पहुँचकर शिष्टाचार मुलाकात की।

महामहिम राज्यपाल को उप मुख्यमंत्री श्री मोदी ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में आधारभूत संरचना विकास के लिए किए जा रहे राज्य सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। श्री सुशील कुमार मोदी, जो राज्य के वित्त मंत्री भी हैं, ने महामहिम राज्यपाल को बताया कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को नियमित वेतन–भुगतान समय पर करने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल से कहा कि विश्वविद्यालयों में आधारभूत संरचना–विकास में हरसंभव सहयोग के साथ–साथ सेवांत लाभों के भी ससमय भुगतान हेतु राज्य सरकार सदैव तत्पर रहेगी।

महामहिम राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने सभी कुलपतियों को यू॰जी॰सी॰, राज्य सरकार या 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' (RUSA) द्वारा आबंटित राशियों से संबंधित उपयोगिता प्रमाण–पत्र ससमय उपलब्ध कराते रहने का निदेश दिया है। उन्होंने बताया कि सभी कुलपतियों को 'डिजिटल वेतन भुगतान' की दिशा में तत्परतापूर्वक तेजी से कार्रवाई करने को कहा गया है।

मुलाकात के दौरान, उप मुख्यमंत्री श्री मोदी ने महामहिम राज्यपाल को अपने द्वारा लिखी गई किताब 'लालू लीला' भी समर्पित की।

....